Reg. No. | | | | | | | | | |

HRDHDL 254

Credit Based IV Semester B.A. (HRD) Degree Examination, April/May 2018
(2016 – 17 Batch Onwards Scheme)
HINDI LANGUAGE
Group – I (Paper – IV)

Time : 3 Hours   Max. Marks : 80

I. एक शब्द या एक वाक्य में उत्तर लिखिए। **(1×5=5)**

1) मसरूफ पति कहाँ आग लगाना चाहता है ?
2) 'वसंत ऋतु का नाटक' एकांकी के रचनाकार कौन हैं ?
3) जजसाहब की बेटी का नाम क्या था ?
4) भाभी को बचाने के लिए भैया के पास क्या नहीं है ?
5) 'संस्कार और भावना' एकांकी के रचनाकार कौन है ?

II. किन्हीं **तीन** अवतरणों का संदर्भसहित अर्थ स्पष्ट कीजिए। **(5×3=15)**

1) मैंने, मैंने कुछ नहीं किया। मैंने थोडी–सी शराब पी ली और निर्मला के घर गया। ऐसे ही जरा दिल बहलाने।
2) आज आप सिर्फ वकालत कर रहे हैं, जिसमें भावना नहीं केवल एक निर्मम स्वार्थ है।
3) 'सब पत्नियाँ अपने पतियों को प्यार करती हैं, मैं भी करती हूँ, प्राणों से अधिक प्यार करती हूँ।'
4) बहू कह रही थी कि ऐसा कोई कानून बननेवाला है, जिससे मकान किराएदारों के ही हो जाएंगे।

III. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(2×10=20)**

1) 'ताँबे के कीडे' एकांकी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।
2) 'वसंत ऋतु का नाटक' एकांकी के धर्मेंद्र का चरित्र–चित्रण कीजिए।
3) 'संस्कारों की दासता सबसे बडा शत्रु है' संस्कार और भावना एकांकी के आधार पर समझाइए।
4) 'हरी घास पर घंटे भर' एकांकी का सार लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकश डालिए।

IV. किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए। (5×2=10)

1) परेशान रमणी

2) युवती के पिता

3) माँ

4) अविनाश

V. अ) बैंकों में हिन्दी अनुष्ठान के उद्देश्य से सभी राज्यों के राष्ट्रीकृत बैंकों को भारत सरकार के मानव संसाधन मंत्रालय की ओर से एक परिपत्र तैयार कीजिए। 5

अथवा

गलत माल भेजने की शिकायत करते हुए चमनलाल ट्रैडर्स मुंबई के व्यवस्थापक को मेहता स्टोर्स, बैंगलूर की ओर से पत्र लिखिए।

आ) निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर लिखिए। 5

'गेहूँ और गुलाब' एक प्रतीतात्मक शब्द चित्र है। इसमें लेखक ने हमारे सामने दो प्रतीक प्रस्तुत किये हैं – 'गेहूँ और गुलाब '। गेहूँ भौतिक प्रगति का बोधक है तो 'गुलाब' सांस्कृतिक प्रगति का। दोनों की महत्ता है। आधुनिक युग में यह समस्या उठ खडी हुई है कि गेहूँ प्रबल है या गुलाब। इस तत्थ को दृष्टि में रखते हुए लेखक ने दोनों की विवेचना की है। और अपना मंतव्य प्रकट किया है, जो आशावादी है।

1) गेहूँ और गुलाब कैसा शब्दचित्र है ?

2) गेहूँ किसका प्रतीक है ?

3) गुलाब किसका प्रतीक है ?

4) आधुनिक युग में कौन–सी समस्या उठ खड़ी हुई है ?

5) लेखक ने कैसा मंतव्य प्रकट किया है ?

VI. अ) प्रख्यात संगीत विदुषी गंगूबाई हानगल के साथ एक भेंटवार्ता प्रस्तुत कीजिए। 5

आ) निम्नलिखित गद्यांश का शीर्षक देकर संक्षेपण कीजिए। (जो मूल की एक तिहाई से अधिक न हो) : 5

मनुष्यरूपी चरित्र की धार तलवार है। अगर इस धार में तीक्ष्णता है, तो यह तलवार भले ही लोहे की हो–अपने काम से अधिक कारगर सिद्ध होती है। इसके विपरीत यदि इस तलवार की धार मोटी है, भद्दी है, तो वह तलवार सोने की ही क्यों न हो – हमारे किसी काम की नहीं हो सकती। इस प्रकार यदि किसी का चरित्र ही नष्ट हो गया हो तो वह मनुष्य मुर्दों से बेहतर है, क्योंकि मुर्दा तो किसी और मनुष्य का बुरा नहीं कर सकता, पर चरित्रभ्रष्ट मनुष्य अपने साथ रहनेवालों को भी अपने ही रास्ते पर ले जाकर अवनति एवं सत्यानाश के भयाबने गढ्ढे में ढ़केल सकता है।

VII. किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए। (5×2=10)

1) संचार भाषा और हिन्दी मीडिया।

2) प्रयोजनमूलक हिन्दी : प्रासंगिकता

3) मीडिया और समाज।